कार्रवाई | कलेक्टर के निर्देश पर प्रतिबंधित अवधि में मछली पकड़ने पर दो डोंगी व जाल जब्त

नर्मदा नदी में अवैध मत्स्याखेट पर प्रशासन का शिकंजा

नवभारत, मंडला। जिले में मत्स्य प्रजनन के दृष्टिगत लागू प्रतिबंधित अवधि के दौरान अवैध रूप से मछली पकड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मंगलवार को कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर मत्स्योद्योग विभाग, राजस्व विभाग और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रशासन की संयुक्त टीम ने नर्मदा नदी के माहिष्मति घाट से लेकर संगम घाट, नाव घाट एवं किला घाट तक सघन गश्त की। इस दौरान टीम ने घाटों के किनारे अवैध मत्स्याखेट की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी।

कार्रवाई में ये अधिकारी रहे मौजूद

अवैध मत्स्याखेट के खिलाफ चलाए गए इस विशेष अभियान में सहायक संचालक मत्स्योद्योग एचके भगत, सहायक मत्स्य अधिकारी सुनील कुमार उइके, तहसीलदार श्री उलाड़ी के साथ पुलिस विभाग से रविन्द्र परते, अशोक मार्को सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किला घाट से डोंगी और जाल जब्त

जानकारी के अनुसार बताया गया कि कार्रवाई के दौरान टीम को किला घाट पर अवैध मत्स्याखेट करते हुए कुछ सामग्रियां मिलीं। मौके से अवैध शिकार में इस्तेमाल की जा रही दो डोंगी और उनमें रखे मछली पकड़ने वाले जाल जब्त किए गए। प्रशासन ने जब्त की गई सभी सामग्री को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए नगर पालिका परिषद मंडला के सुपुर्द कर दिया है।

मछुआरों को दी गई सख्त हिदायत

संयुक्त टीम ने घाटों के किनारे निवास करने वाले मछुआरों से चर्चा भी की। अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट रूप से समझाइश दी कि मत्स्य प्रजनन काल के दौरान मछली पकड़ना पूरी तरह से प्रतिबंधित और गैरकानूनी है। टीम ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति इस प्रतिबंधित अवधि में अवैध मत्स्याखेट करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

विशेष चेकिंग अभियान में नियमों की अनदेखी पर लगा 34 हजार का जुर्माना

मंडला। स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मंडला जिले में पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा 10 दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों और वैनों की सघन जांच की जा रही है।

इन स्कूलों के वाहनों की हुई जांच अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, सेंट बंता कॉन्वेंट स्कूल पिंडरई, अपोलो स्कूल एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल बम्हनी में पहुंचकर स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने वाहनों के दस्तावेजों, फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी प्रदूषण प्रमाण-पत्र के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्रों की बारीकी से जांच की।

चालकों को दी गई समझाइश

कार्रवाई के साथ पुलिस और परिवहन विभाग की टीम ने वाहन चालकों, परिचालकों और अटेंडेंटों को यातायात नियमों का पालन करने और बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने की कड़ी समझाइश दी। मंडला पुलिस एवं परिवहन विभाग ने सभी स्कूल संचालकों एवं वाहन मालिकों से अपील की है कि वे स्कूली वाहनों का संचालन निर्धारित सुरक्षा मानकों द्वारा करें।

फिटनेस प्रमाण पत्र का मिला अभाव

निरीक्षण के दौरान कई वाहनों में गंभीर खामियां पाई गईं और नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 34 हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान बिना परमिट के 2 वाहनों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना। फिटनेस प्रमाण-पत्र का अभाव में 1 वाहन पर 5 हजार रूपए का जुर्माना। बिना बीमा में 1 वाहन पर 5 हजार रूपए का जुर्माना। पीयूसी प्रदूषण प्रमाण-पत्र नहीं होने पर 1 वाहन पर एक हजार रूपए का जुर्माना और सुरक्षा उपकरणों का अभाव में फर्स्ट एड बॉक्स एवं अग्निशमन यंत्र न पाए जाने पर तीन हजार रूपए का जुर्माना वसूला गया है।

एक नजर में

42 ग्राम पंचायतों को बांटी गई जल परीक्षण किट

मंडला। डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड मंडला द्वारा जनपद पंचायत बीजाडांडी के सभाकक्ष में एक दिवसीय जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पेयजल की नियमित जांच कर जलजनित रोगों, विशेषकर डायरिया की रोकथाम करना था। इसमें जनपद पंचायत की 42 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों ने भाग लिया। मुख्य रूप से सीईओ श्रीमती वासंती दुबे, सहायक यंत्री राजन धुर्वे एवं पंचायत इंस्पेक्टर धरम सिंह पन्द्रो उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में उमागणेश लोधी द्वारा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल नमूना संग्रहण, विभिन्न मानकों की जांच एवं परिणामों के विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्ट किट, सोडियम हाइपोक्लोराइट, रिफिल पैक एवं बैक्टो वॉयल्स का वितरण किया गया।

संजीवनी क्लिनिक से दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ

मंडला। स्वामी सीताराम वार्ड स्थित संजीवनी क्लिनिक में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं वार्ड पार्षद कामिनी चौधरी ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी, सहायक टीकाकरण अधिकारी, डिप्टी मीडिया अधिकारी, शहरी क्षेत्र के सुपरवाइजर, नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अभियान के संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेगी तथा ओआरएस, जिंक, विटामिन-ए, आईएफए अनुपूरण सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी।

कल से देश में मनेगा रेलवे का अमृत उत्सव

मंडला। भारतीय रेलवे आगामी 17 जुलाई को विकसित भारत की दिशा में एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन देश के 19 राज्यों में फैले 75 पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों का भव्य डिजिटल लोकार्पण करेंगे। इस योजना में मध्य प्रदेश 13 स्टेशनों के साथ पूरे देश में शीर्ष पर है। हालांकि, रेलवे के इस महा-उत्सव और विकास की सौगातों के बीच मंडला जिले की जनता को एक बार फिर गहरी निराशा और प्रशासनिक उपेक्षा का ही सामना करना पड़ा है।

घायल ने हमलावर को रिक्शे पर बैठाकर चप्पलों से पीटा

शराब के नशे में दो व्यक्तियों के बीच खूनी संघर्ष

मंडला। नगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत दो व्यक्तियों के बीच हुआ विवाद मारपीट और फिर सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामे में बदल गया। इस पूरी घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी अनुसार दोनों व्यक्ति जिसमें एक रिक्शा चालक और मजदूरी का काम करता है, उनके बीच नशे की हालत में किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते यह बहस हाथापाई में तब्दील हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आई और वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया।

सड़क पर दिखा हाईवोल्टेज ड्रामा

मारपीट के बाद घायल मजदूर व्यक्ति ने जो किया, वह रास्ते में मौजूद लोगों के लिए हैरानी का विषय बन गया। घायल बेलदार ने अपने ऊपर हमला करने वाले व्यक्ति को एक रिक्शे की सीट पर बैठाया और रेडक्रॉस से लेकर कोतवाली थाना परिसर तक उसे चप्पलों से पीटते हुए ले गया। इसी दौरान रास्ते में मौजूद किसी राहगीर ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब वायरल हो रहा है।

पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

दोनों के इस तरह थाने पहुंचने पर पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस ने सबसे पहले दोनों से विवाद का कारण पूछा और फिर लहूलुहान व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल कोतवाली पुलिस वायरल वीडियो और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

पुलिस की समझाइश के बाद खुला मार्ग, पूर्व निर्धारित किराया लेने पर बनी सहमति

मनमाने किराए के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत, नारायणगंज। जनपद नारायणगंज ग्राम पंचायत देवहार अंतर्गत खूंटानाला-सुरंगवानी पुल मार्ग पर यात्री वाहनों द्वारा मनमाने ढंग से किराया बढ़ाए जाने के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। आंदोलन के चलते कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों तथा वाहन संचालकों के बीच समझाइश कराकर मामला शांत कराया। इसके बाद यातायात पुनः सुचारू हो सका।

ग्रामीणों का आरोप है कि परिवहन विभाग द्वारा किराए में किसी प्रकार की आधिकारिक वृद्धि नहीं की गई है, इसके बावजूद कुछ यात्री वाहन संचालक मनमाने तरीके से यात्रियों से अधिक किराया वसूल रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि शासन या परिवहन विभाग किराया बढ़ाने का आदेश जारी करता है तो उसका पालन किया जाएगा, लेकिन बिना किसी अधिकृत आदेश के अतिरिक्त किराया देना स्वीकार नहीं किया जाएगा। इससे पहले भी इसी मुद्दे को लेकर ग्राम देवगांव में ग्रामीणों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद वाहन संचालकों द्वारा मनमानी जारी रहने से ग्रामीणों में फिर से आक्रोश देखने को मिला। टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से चर्चा कर विवाद का समाधान कराया।

वाहनों की जांच की मांग

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन एवं परिवहन विभाग से सभी यात्री वाहनों की फिटनेस, बीमा, परमिट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघन जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि यात्रियों का आर्थिक शोषण न हो।

दोबारा मनमानी हुई तो होगा उग्र आंदोलन

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में फिर से मनमाने तरीके से किराया वसूला गया तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित वाहन संचालकों एवं प्रशासन की होगी।

रेल विकास से बदलेगी मंडला की तस्वीर, मिलेगी नई रफ्तार

नई ट्रेनों और टर्मिनल की मांग को लेकर बिछिया विधायक पट्टा ने रेल मंत्री को सौंपे 6 ज्ञापन

मंडला। आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में रेल सुविधाओं के विस्तार और अंचल के विकास को गति देने के उद्देश्य से बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दूरभाष पर सकारात्मक चर्चा की। समयाभाव और व्यस्तता के चलते हालांकि व्यक्तिगत मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन विधायक पट्टा ने जिले की रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं से जुड़े 6 महत्वपूर्ण ज्ञापन रेल मंत्रालय को विधिवत सौंपे हैं।

बताया गया कि रेल मंत्रालय को सौंपे गए ज्ञापनों में जिले के रेल विकास का पूरा खाका खींचा गया है। इसमें मुख्य रूप से निम्न मांगें शामिल हैं। जिसमें लंबित सर्वे को मंजूरी के लिए बिलासपुर, मंडला, जबलपुर रेल कॉरिडोर के लंबित सर्वे को जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करना। नई रेल लाइन परियोजना के तहत पेंड्रारोड, अमरकंटक, मंडला, गोटेगांव के बीच नई रेल लाइन बिछाने की योजना। टर्मिनल स्टेशन का दर्जा के लिए मंडला फोर्ट स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त पूर्ण टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करना। 9 नई सुपरफास्ट ट्रेनों के माध्यम से मंडला के नागरिकों को देश के प्रमुख महानगरों से जोड़ने के लिए 9 नई सुपरफास्ट ट्रेनों का संचालन शुरू करना। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के वर्तमान मास्टर प्लान में आवश्यक सुधार कर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाना। मंडला, नैनपुर, छिंदवाड़ा रेलखंड का दोहरीकरण, नैनपुर बाईपास का निर्माण और क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना होना शामिल है।

आदिवासी अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए रेलवे का विस्तार जरूरी : विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि मंडला जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले के सर्वांगीण विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार बेहद आवश्यक है। उन्होंने भरोसा जताया कि रेल मंत्री ने उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है, जिससे भविष्य में जिले को बड़ी सौगातें मिलने की उम्मीद है।

नशा से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस ने बाजार में बांटे पंपलेट और दिया नशामुक्ति का संदेश

टिकरिया में छात्रों ने निकाली जनजागरूकता रैली

टिकरिया (मंडला)। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'नशा से दूरी है जरूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को थाना टिकरिया पुलिस ने व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अभियान पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी पी.एल. बालरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टिकरिया के विद्यार्थियों ने नशामुक्ति के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्रों ने नारे लगाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। इसके बाद थाना टिकरिया पुलिस ने साप्ताहिक हाट-बाजार में पहुंचकर ग्रामीणों और व्यापारियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा पंपलेट वितरित कर लोगों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। अभियान में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय, सहायक उपनिरीक्षक मुकेश चौरसिया, आरक्षक अमित एवं पंचम की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के खिलाफ यह जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।

17.86 करोड़ की लागत से निखरा नैनपुर रेलवे स्टेशन

अमृत भारत योजना के तहत मिलीं विश्वस्तरीय सुविधाएं

नैनपुर। कभी देश के प्रमुख नैरोगेज जंक्शनों में शुमार मध्य प्रदेश के मंडला जिले का ऐतिहासिक नैनपुर रेलवे स्टेशन अब पूरी तरह से नए और आधुनिक स्वरूप में ढल चुका है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (दपूमरे) नागपुर मंडल के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 17.86 करोड़ रुपये की लागत से इस स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। अब यह स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ यात्रियों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

बताया गया कि नैनपुर स्टेशन पर नया प्रतीक्षालय, उन्नत पेयजल व्यवस्था, फूड स्टॉल और आरामदायक बैठने की जगह बनाई गई है। सुरक्षा और सूचना के लिए हाई मास्ट एलईडी लाइटिंग, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, मल्टी-लाइन डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और उच्च गुणवत्ता वाला अनाउंसमेंट सिस्टम लगाया गया है। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया को विस्तृत कर दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग बनाई गई है। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए लिफ्ट और सुगम मार्ग रैंप का निर्माण किया गया है।

जनजातीय कला और संस्कृति की दिखेगी झलक

नैनपुर स्टेशन भवन को आधुनिक वास्तुशिल्प के साथ-साथ स्थानीय जनजातीय कला से सजाया गया है। आकर्षक वॉल पेंटिंग और बांस-बेंत जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से प्रेरित डिज़ाइन यात्रियों को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कराते हैं।

भुआ बिछिया में अज्ञात कारणों से 28 वर्षीय महिला ने लगाई फांसी

मायके में रह रही विधवा की सूने कमरे में फंदे पर लटकती मिली लाश

भुआ बिछिया। बिछिया विकासखंड के जंतीपुर सिंचाई कॉलोनी में एक 28 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान भारती नंदा पति स्व. सोनू केवट के रूप में हुई है। वह मूल रूप से भरवेली पुलिस चौकी पिंडरई, थाना नैनपुर की निवासी थी और वर्तमान में जंतीपुर स्थित अपने मायके में रह रही थी। जानकारी अनुसार भारती के पति का पिछले वर्ष निधन हो गया था। इसके बाद से वह अपनी मां, भाइयों और भाभी के साथ मायके में रहकर मजदूरी कर अपना भरण-पोषण कर रही थी। घटना वाले दिन शाम के समय मां हॉस्टल में खाना बनाने गई हुई थीं। बड़ा भाई विक्रम नंदा पास के बांध की ओर गया था, जबकि छोटा भाई बिज्जू नंदा कृषि उपज मंडी स्थित अपनी कैंटीन में था। घर पर केवल भाभी मौजूद थीं, जो बाहर का काम कर रही थीं।

भाभी ने देखा तो उड़े होश

बाहर का काम समाप्त कर जब भाभी घर के अंदर गई, तो उसने भारती को फांसी के फंदे पर लटकते देखा। उसकी चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से महिला को फंदे से नीचे उतारा गया और आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसके कारणों का पता नहीं चल सका है।

महोत्सव | भव्य आरती और पूजा-अर्चना के साथ श्री झूलेलाल चालीसा का शुभारंभ

40 दिनों तक चलेगा भक्ति का दौर, झूलेलाल मंदिर में गूंजे जयकारे

मंडला. जिला मुख्यालय के डॉ. अंबेडकर वार्ड स्थित भगवानी बाई केवलराम श्री झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। पहले दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना और भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल की आराधना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को पंडित रानू नाथ शर्मा की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शाम को भव्य आरती का आयोजन हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल की आराधना करते हुए विशेष पल्लव पूजा की और सभी परिवारों की सुख, शांति व खुशहाली की कामना की।

आयोजन समिति के अनुसार, मंदिर में यह धार्मिक अनुष्ठान लगातार चालीस दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती, पूजा-अर्चना तथा झूलेलाल चालीसा पाठ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इन 40 दिनों तक मंदिर परिसर में पूरी तरह से भक्तिमय और उत्सव का वातावरण बना रहेगा, जहां श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ भगवान की आराधना करेंगे।

आयोजन समिति ने की सहभागिता की अपील

इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है। आयोजन समिति ने सिंधी समाज सहित नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिदिन उपस्थित होकर भगवान झूलेलाल की आराधना में शामिल हों और इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।

नवीन माता मंदिर निर्माण के लिए निकली भव्य भ्रमण यात्रा

मां नर्मदा तट पर हुआ विशेष पूजन, सरिता माता दरबार में 23 तक चलेंगे धार्मिक अनुष्ठान

मंडला। जिला मुख्यालय के डॉ. अंबेडकर वार्ड स्थित सरिता माता दरबार में निर्माणाधीन नवीन माता मंदिर की पूजन परंपरा के तहत बुधवार को श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत एक भव्य भ्रमण यात्रा निकाली गई। यह धार्मिक यात्रा सरिता माता दरबार से प्रारंभ होकर रंगरेज घाट स्थित पवित्र मां नर्मदा के तट पर पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ माता का पूजन और अर्चन संपन्न किया गया। भ्रमण यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालु पूरे रास्ते माता के जयकारे लगाते और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस भव्य आयोजन से शहर के मार्ग पूरी तरह से धर्ममय और भक्तिमय हो गए। मंदिर में माता की प्रतिमा के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की भी विधिवत स्थापना की जानी है। इस उपलक्ष्य में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार, मंदिर परिसर में प्रतिदिन सप्तचंडी के 108 पाठ, हवन एवं विशेष पूजन का आयोजन अनवरत जारी है। अनुष्ठान का विधिवत समापन 23 जुलाई को होगा। इस दिन एक विशाल सप्तचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 11 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ और पूर्ण आहुति का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।